सार-समाचार

तिरंगा यात्रा के लिए बैठक आयोजित

छबड़ा (निसं)। प्रधान हरिओम नागर की अध्यक्षता में 29 मई को आयोजित होने वाली विहंगम राष्ट्रिहत तिरंगा यात्रा के लिए बैठक सम्पन्न हुई, जिसमे यात्रा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। तिरंगा यात्रा का आयोजन ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता एवं भारतीय सेना के सम्मान के लिए किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के बारे में जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार प्रकट किए। इसके लिए बुधवार को नगर भ्रमण कर पीले चावल वितरण कर आमजन को यात्रा के लिए निमंत्रण दिया जाएगा एवं ग्रामीण क्षेत्र मे भी प्रशासक (सरपंच) द्वारा पीले चावल वितरण किया जा रहा है। रैली संयोजक प्रधान नागर ने बताया की यह तिरंगा यात्रा 29 मई गुरुवार को सायं 5 बजे गायत्री मंदिर से प्रारम्भ होकर धरनावदा चौराहा, आज़ाद सर्किल, अहिंसा सर्किल होती हुई पंचायत समिति परिसर मे सम्पन्न होंगी. जहाँ पर संतजनो एवं सैनिको एवं स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान किया जायेगा। यहां पंचायत समिति सदस्य भूमि प्रभाकर गालव, बनवारी मेहता, बनवारी मीणा, राधेश्याम मालव, जिला परिषद सदस्य फूलसिंह मीणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक गौड़, मोहन लाल नागर, रिषभ नागर, प्रशासक सत्यनारायण मालव, कमल गुर्जर, सूरजमल मीणा, प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा, अमरपाल सिंह एवं रवि शर्मा, पृथ्वीराज लोधा, शिवचरण नागर, रघुवीर गालव, अंकित मीणा, भगवान नागर, रामस्वरूप गुर्जर, हेमराज मालव, दौलतराम नागर, हेमंत भार्गव, धीरेन्द्र सोनी, मनोज नागर, बृजेश शर्मा, गोविन्द तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कोटा स्टेशन पर अवैध वेंडरों के खिलाफ औचक चेकिंग अभियान

कोटा, (निसं)। डीआरएम अनिल कालरा के मार्गदर्शन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त ए.नवीन कुमार के निर्देशन में नियमित ट्रेनों में और स्टेशनों पर औचक चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत सक्रिय अवैध वेंडर्स पर कार्यवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को सहायक वाणिज्य प्रबंधक अमित वर्मा ने चैकिंग टीम के साथ कोटा स्टेशन प्लेटफ़ॉर्म संख्या 1 पर औचक जाँच किया। औचक चैकिंग देख कोटा स्टेशन पर सक्रिय अवैध 4 वेंडर्स डिस्पोजल प्लेट की लगभग 50 खाने का पैकेट (6 थैली में भरी हुई), 3 ट्रे आलू बड़ा इत्यादि खाद्य सामग्री छोड़ भाग खड़े हुए। ये सभी खाद्य सामग्री भौतिक जाँच में मानवीय उपयोग में हित कारक नहीं पाए गऐं। इन सभी खराब गुणवत्ता युक्त खाद्य सामाग्रियों को जब्त कर उचित प्रकार से डिस्पोजल किया गया। इस चैकिंग अभियान में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, चैकिंग स्टाफ एवं रेल सुरक्षा बल के जवानों ने मुख्य भूमिका निभाई। यह कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्री गाड़ियों में एवं स्टेशन पर अवैध वेंडरों पर अंकुश लगाया जा सके।

नयापुरा बस स्टैंड का कचरा पॉइंट बंद कराया

कोटा, (निसं)। नयापुरा बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों को अब कचरा नजर नहीं आएगा। आयुक्त अशोक त्यागी के निर्देश पर यहां कचरा पॉइंट को बंद कर दिया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी मोतीलाल चौधरी ने बताया कि आयुक्त अशोक त्यागी ने मंगलवार को भी कोटा उत्तर क्षेत्र में विभिन्न नालों में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया। सबसे पहले वे बोरखेड़ा में चल रहे नाला सफाई कार्य को देखने पहुंचे। वहां जेसीबी से सफाई कार्य चल रहा था। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी व निरीक्षकों को निर्देश दिए की कचरे को पूरी तरह साफ कर मलबे को तुरंत शिफ्ट करें। इसके बाद त्यागी ने नयापुरा नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। वहां से लौटते समय उन्हें बस स्टैंड के पास ही कचरा पॉइंट नजर आया। पूछने पर स्वास्थ्य अधिकारी मोतीलाल चौधरी ने बताया कि यहां पास-पास दो कचरा पॉइंट है। आयुक्त त्यागी ने निर्देश दिए की बस स्टैंड के पास स्थित कचरा पॉइंट को शाम तक बंद कर दिया जाए। त्यागी के निर्देश पर मंगलवार शाम तक कचरा पॉइंट से सारा कचरा हटाकर वहां कचरा पॉइंट बंद कर दिया गया। साथ ही बैनर भी लगा दिया गया कि यहां कोई कचरा नहीं डाले। इसके साथ ही त्यागी ने नयापुरा पुलिया के नीचे जेके लोन अस्पताल के सामने तथा सीबी गार्डन के सामने स्थित कचरा पॉइंट को भी नए तरीके से बनाने के निर्देश दिए।

पंजाबी धर्मशाला निर्माण में सहयोग मिला

रावतभाटा, (निसं)। नीमच और रावतभाटा से मिला पंजाबी धर्मशाला निर्माण में सहयोग। रावतभाटा पंजाबी समाज अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि बाजार क्षेत्र की वार्ड नंबर 8 में स्थित पंजाबी धर्मशाला के चल रहे निर्माण के लिए पूर्व सरपंच नगर पालिका अध्यक्ष और पंजाबी समाज अध्यक्ष रह चुके स्वर्गीय ऋषिलाल छाबड़ा की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी लाजवंती देवी और उनके पुत्र दिनेश छाबड़ा, गोपाल, विक्की छाबड़ा ने पंजाबी धर्मशाला और उसमें बन रहे मंदिर के निर्माण के लिए 1 लाख 55 हजार 555 रुपए नगद राशि सौंपी। मध्य प्रदेश के नीमच निवासी हरीश दुआ, मनोज दुआ और रवि दुआ ने उनके स्वर्गीय पिता जीवनदास दुआ उनकी माता कृष्णा देवी भाई कपिल दुआ की स्मृति में निर्माण के लिए 1 लाख 11 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी और सचिव जगदीश छाबड़ा ने सभी सहयोग करने वालों का आभार जताया। इस मौके पर रमेश कुमार गुलाटी, पुष्पा देवी, सुरेश छाबड़ा, विकास अरोड़ा, तिलकराज नंदवानी, भगवान दास मलिक, चंद्रप्रकाश मालिक, ओजस मालिक आदि समाज बंधु मौजूद रहे।

हाथकरघा बुनकर पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे

झालावाड़, (निसं)। राज्य के हाथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से हर वर्ष की भांति राज्य सरकार के इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी बुनकरों को नगद पुरस्कार देने का प्रावधान किया गया है। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक अमृतलाल मीणा ने बताया कि जिला स्तरीय पुरस्कार हेतु जिले की सीमा में कार्यरत हाथकरघा पर बुनाई कार्य करने वाले बुनकर जो पिछले 3 वर्षों से कार्य कर रहे है तथा जिन्हें गत तीन वर्षों से इस पुरस्कार के लिए चयनित नहीं किया गया है वे पात्र हाथकरघा बुनकर अपना आवेदन पत्र 16 जून 2025 तक कार्यालय महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, झालावाड़ में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, झालावाड़ से प्राप्त किये जा सकते हैं।

कार्यशाला आज

झालावाड़, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 28 मई को वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं सशक्तिकरण के संबंध में मिनी सचिवालय के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि उक्त कार्यशाला में विभिन्न विभागों के माध्यम से योग व ध्यान सत्र, मानसिक स्वास्थ्य और निवारक देखभाल सत्र, पोषण व स्वस्थ रूप में वृद्धावस्था, सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में जागरूकता, वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार की रोकथाम और प्रतिक्रिया पर सत्र, सामाजिक जुड़ाव और समय प्रबंधन के लिए रणनीतियां, वित्तीय योजना और डिजिटल साक्षरता पर सत्र, अंतर पीढ़ीगत संवाद आदि आयोजित होंगे।

28 पेंशनर्स का मौके पर समाधान

कोटा, (निसं)। सेवानिवृत पेंशनर्स की पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को क्षेत्रीय पेंशन कार्यालय सी.ए.डी. परिसर में पेंशनर्स समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 पेंशनर्स पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर में उपस्थित हुए। इनमें से 28 पेंशनर्स का मौके पर ही समाधान करवाया गया। अतिरिक्त निदेशक क्षेत्रीय पेंशन कार्यालय दिनेश शर्मा ने बताया कि शिविर में सभी अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा पेंशनर्स की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में संयुक्त निदेशक बाबूलाल मीणा, सहायक निदेशक सरिता दयाल, सहायक निदेशक सत्यनारायण माहेश्वरी, अतिरिक्त कोषाधिकारी (पेंशन) कोटा हरीओम सिंघल एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नई दिल्ली में प्रशिक्षण लिया

छबड़ा (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी,(कलेक्टर) बारां के आदेशानुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) छबडा रामसिंह गुर्जर के साथ छबडा तहसील से बूथ लेवल ऑफिसर, सुपरवाईजर के लिए नामित किए गये गुगोर के व्याख्याता अरविंद गालव ने भी आदेश की पालना में भाग लेकर 26 ओर 27 मई को दिल्ली में इंडियन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण लिया गया। इस प्रशिक्षण से ब्लॉक में कार्य कर रहे बीएलओ को भविष्य में आने वाली समस्याओं का आसान रूप से ब्लॉक स्तर पर ही सुपरवाइजर द्वारा समाधान किया जा सकेगा।

12वीं कक्षा में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

कोटा, (निसं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की पिछले 2 वर्ष की परीक्षाओं के परिणाम इससे पिछले सालों के मुकाबले बेहतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं का कला संकाय का परीक्षा परिणाम वर्ष 2022-23 के मुकाबले वर्ष 2024-25 में 9.73 प्रतिशत बढ़ा है। विज्ञान संकाय के परीक्षा परिणाम में वर्ष 2022-23 के मुकाबले 2024-25 में 2.81 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सभी संकायों का औसत परीक्षा परिणाम देखें तो वर्ष 2022-23 के मुकाबले 6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में हमारी सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में उठाए गए कदमों तथा शिक्षकों द्वारा की जा रही मेहनत का परिणाम दिखाई दे रहा है। उन्होंने इसके लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों दोनों को बधाई दी।

कोटा में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने 12वीं कक्षा में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया है।

शिक्षा मंत्री मंगलवार को ज्ञान ज्योति कॉन्वेन्ट स्कूल सभागार में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की उच्च माध्यमिक परीक्षा 2025 में सभी संकायों में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज जिन बच्चों का सम्मान किया गया है उनमें 12वीं कक्षा के कला संकाय में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 77 बच्चे सरकारी स्कूलों से हैं जबकि 25 बच्चे निजी स्कूलों से हैं।

उन्होंने कहा कि तीनों संकायों में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 152 बच्चे सरकारी स्कूलों से जबकि 113 बच्चे निजी स्कूलों से हैं। उन्होंने कहा कि यह परिणाम दर्शाता है कि अभावों में पढ़ने वाले सरकारी स्कूलों के बच्चे अब निजी स्कूलों के बच्चों से भी बाजी मार रहे हैं। निजी स्कूलों के मुकाबले कम सुविधाएं मिलने के बाद भी वे पढ़ाई में अव्वल आ रहे हैं, यह बड़ी उपलब्धि है।

बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं:- दिलावर ने इस बार के परीक्षा परिणाम में छात्राओं के छात्रों से आगे निकलने पर खुशी जताते हुए कहा कि हमारी बालिकाएं आज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। वे वायु सेना में भर्ती होकर लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं तो थल सेना में भी अपना पराक्रम दिखा रही हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चर्चा में आई कर्नल सोफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि इस अभियान में दुश्मनों के दांत खट्टे करने में हमारी बहनें भी पीछे नहीं रही। उन्होंने हमारी तीनों सेनाओं के जवानों के पराक्रम की खुलकर प्रशंसा की।

बुद्धिमान होने के साथ संस्कार होने जरूरी:- शिक्षा मंत्री ने सम्मानित होने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि केवल किताबी ज्ञान से श्रेष्ठ नहीं बना जा सकता है। बुद्धिमत्ता के साथ संस्कार एवं देश-भक्ति के भाव से परिपूर्ण नागरिक इस देश को विश्वगुरू बनाने की क्षमता रखते हैं और ऐसे प्रतिभावान युवाओं के सहारे हमारा भारत आने वाले समय में पूरे विश्व का मार्गदर्शन करेगा। उन्होंने माता-पिता एवं शिक्षकों से अपील की कि उनका

> ■ हमारी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से पिछले दो साल में बोर्ड परिणाम बेहतर हुए : शिक्षा मंत्री

व्यवहार ऐसा हो कि बच्चों में संस्कारों का अंकुरण हो।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ने सभी को पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने एवं स्वच्छता बनाएं रखने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पॉलिथीन का उपयोग रोकेंगे तो हम गौ-माता को बचा पायेंगे। उन्होंने पेड़ों की निरंतर कटाई से बढ़ रहे तापमान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें जीवित रहने के लिए धरती मां का श्रृंगार अधिक से अधिक पेड़ लगाकर करना होगा। उन्होंने सरकारी एवं निजी स्कूलों के बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का अव्हान किया कि वे अधिक से अधिक पेड़ लगाएं ताकि धरती मां को हरयाली चुनरी ओढ़ाई जा सकें।

इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने बच्चों को इसी तरह आगे बढ़ने एवं प्रदेश व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर एवं पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया।

अलग-अलग शहरों में 3 नेत्रदान संपन्न

कोटा, (निसं)। देर रात जब शहर सो रहा था, उस समय शाइन इंडिया की टीम हाड़ौती संभाग के दूर-दराज शहरों में नेत्रदान ले रही थी। देर रात 1.30 बजे मुखर्जी नगर, भवानीमंडी निवासी दिनेश जैन के पिता दानमल जैन का निधन हुआ। परिवार के सदस्य भवानीमंडी के चल रहे, शाईन इंडिया के नेत्रदान अभियान से पहले से ही परिचित थे। इसलिए शोक की घटना घटते ही, दिनेश ने तुरंत ही संस्था के ज्योति-मित्र नरेंद्र जैन को पिता के नेत्रदान करवाने की सूचना दी। नरेन्द्र जैन और शहर संयोजक कमलेश दलाल की सूचना पर, रात 2.00 बजे कोटा से डॉ.कुलवंत गौड़ ट्रेन से सीधा भवानीमंडी स्थित दिनेश के निवास पर पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया को संपन्न किया। सुबह 4.00 बजे भवानीमंडी में नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न ही हो रही थी कि, संस्था की कापरेन शाखा के ज्योति मित्र, ललित कुमार टेलर ने डॉ गौड़ को सूचना दी कि, भारत विकास परिषद् शाखा कापरेन के वित्त सचिव रमेश चंद्र गौड़, की माता भूली बाई गौड़ का आकस्मिक निधन हुआ और परिजनों ने नेत्रदान के लिए सहमति दी है। भवानीमंडी से नेत्रदान का कार्य पूरा करके गौड़ ट्रेन से ही वापस कोटा आए और यहां से नेत्र संकलन वाहिनी ज्योति रथ में नेत्रदान के सहयोग के लिये अपनी पत्नी डॉ.संगीता गौड़ को साथ लेकर 8.30 बजे कापरेन पहुंच गए और परिवार के सभी सदस्यों के बीच में नेत्रदान की प्रक्रिया को संपन्न किया। इसी बीच संस्था के सहयोग से पार्श्वनाथ प्लीजेंट निवासी श्रीनाथ लोहिया, ईश्वर और पुरुषोत्तम की माता माना बाई के निधन की सूचना संस्था के ज्योति मित्र शुभम जैन और सीए मोहित जैन से प्राप्त हुई।

राजस्थान में कानून व्यवस्था चौपट : शांति धारीवाल

कोटा, (निसं)। राजस्थान की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पूर्व गृहमंत्री और मौजूदा कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपराधिक घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। लूट, हत्या, चाकूबाजी, महिला उत्पीड़न और गैंगरेप जैसे जघन्य अपराध लगातार सामने आ रहे हैं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई शून्य नजर आ रही है। धारीवाल ने बयान जारी कर कहा कि अपराधियों के मन से पुलिस का डर पूरी तरह खत्म हो गया है। ''इस सरकार में पुलिस का इकबाल समाप्त हो गया है और अपराधी बेखौफ होकर दिनदहाड़े वारदातों को अंजाम दे रहे हैं,'' उन्होंने कि कानून व्यवस्था की इस बदतर स्थिति से आम जनता भयभीत है और उन्हें न्याय की उम्मीद भी टूटती दिख रही है। पूर्व गृहमंत्री ने राज्य सरकार से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि अपराधों पर लगाम लगाई जा सके और जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा सकें।

पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने राज्य सरकार से कानून व्यवस्था को जल्द दुरुस्त करने की मांग करते हुए कहा है कि अपराधों पर अंकुश और आमजन की सुरक्षा का माहौल जल्द सरकार की ओर से मुहैया नहीं करवाया गया तो जनता के साथ सड़क पर उतरकर कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी क्योंकि अब शांत प्रदेश कहे जाने वाला राजस्थान लगातार बढ़ते अपराधों से शर्मसार हो रहा है आमजन अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा हैं।

आधुनिक भारत के निर्माता पं. जवाहर लाल नेहरू की सोच आज भी जीवित है : रविन्द्र त्यागी

कोटा, (निसं)। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहर लाल नेहरू की 60वीं पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को नेहरू पार्क, स्टेशन रोड़, नयापुरा पर उनकी प्रतिमा पर शहर जिला अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर वही पर गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम को सबोधित करते हुए शहर जिला अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि स्व.पं.जवाहर लाल नेहरू देश के प्रथम प्रधानमंत्री बने उन्होंने आधुनिक भारत का निर्माण कर देश को नई दिशा दी उनके अथक प्रयास से देश में नई संचार क्रांति का उदय हुआ जवाहर लाल नेहरू ने स्वतंत्र भारत की नींव रखी। आज जब हम उनकी

> ■ कांग्रेसियों ने स्व.पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाकर गोष्ठी आयोजित

पुण्यतिथि पर उन्हे याद करते है, तो यह न केवल उनके योगदान को सम्मान देने का अवसर है, बल्कि उनके विचारों और दृष्टिकोण को फिर से समझने का भी वक्त है।

रविन्द्र त्यागी ने कहा कि नेहरू केवल भारत के पहले प्रधानमंत्री नही थे, बल्कि एक विचारधारा थे, एक सपना थे और आधूनिक भारत के शिल्पकार थे। पं.जवाहर लाल नेहरू की सोच सिर्फ राजनिति तक सीमित नहीं थी। वह विज्ञान, शिक्षा, उदार लोकतंत्र और बच्चों के उज्जवल भविष्य के पक्षधर थे। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और दूरदृष्टि कर अद्भुत उदाहरण है।

लाड़पुरा प्रधान रहे नईमुद्दीन गुड्डू ने कहा कि पं.जवाहर लाल नेहरू ने अखंड भारत का निमार्ण कर देश को नई दिशा दी तथा उन्होने भारत मे वैज्ञानिक सोच को बढावा दिया ओर कई प्रमुख संस्थानों की स्थापना की जैसे इसरो आईआईटी ओर एम्स उनका मानना था कि विज्ञान और तकनीक से ही भारत एक आत्मनिर्मर राष्ट्र बन सकता है। वे आधूनिक भारत को एक ''प्रगतिशील समाज'' के रूप में देखना चाहते थे कार्यक्रम में पूर्व महिला प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम, जगदीश थाडा, उपमहापौर पवन मीणा ने भी स्व. पं.जवाहर लाल नेहरू के विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी सचिव शिवराज गुंजल, संगठन महासचिव राधेश्याम वर्मा, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल हमीद गोड, उपाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, रामेश्वर सुवालका, राकेश शर्मा राकू, शमीम खान, बलविंदर सिंह बिल्लू, सचिव इरफान घोसी, रोहित अग्रवाल, राजू पहाड़िया, हेमन्त चतुर्वेदी, विजय सोनी, शीतल मीणा, तेजपाल सिंह, पार्षद सलीना शेरी, मंजु चौधरी, मोबिना, पूनम कंवर, मनोज गुप्ता, ललित सरदार हंसराज गोस्वामी, विजय गुप्ता, प्रेमराज लाहोरिया आदि मौजूद थे।

ट्रैक्टर चोर गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार, ट्रैक्टर बरामद

छबड़ा (निसं)। पुलिस ने अंतरराज्जीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए ट्रेक्टर चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक ट्रेक्टर बरामद किया है।

सीआई राजेश खटाना ने बताया कि 21 मई को को ओमप्रकाश धाकड़ पुत्र नारायणलाल निवासी चावलखेडी हाल चावलखेडी रोड छबडा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया था कि 19 मई को उसका ट्रेक्टर रात्रि के समय उसके मकान चावलखेडी रोड छबडा पर खड़ा किया था। सुबह करीब 5 बजे उठकर देखा तो उसका ट्रेक्टर मकान के सामने नही मिला। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया। मामले की जांच दिलीप कुमार एएसआई द्वारा की गई। वही एसपी के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा चोरी के प्रकरणों का शीघ्र खुलासा करने के लिए तकनीकी अनुसंधान किया गया। वही मुखबिर कि सूचना पर नाकाबंदी व घेराबन्दी कर संदिग्ध ड्राईवर व व्यक्ति को डिटेन कर पुछताछ की गई तो यह तथ्य प्रमाणित हुई कि एक व्यक्ति ह्रदेश उर्फ पूनम कुशवाह (18) पुत्र मुकेश कुशवाह जाति कुशवाह निवासी सावतखेडी थाना राधोगढ जिला गुना (मप्र) उसी ट्रेक्टर चोर अंतरर्राज्यीय गैंग का सदस्य है, जो जिले के ट्रेक्टर चोरियों में वांछित है। चोरियों के संबंध में ह्रदेश कुशवाह को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसके द्वारा चोरी करना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी ट्रेक्टर चोर गिरोह का सदस्य है तथा कई राज्यों में इस प्रकार के अपराधों में संलिप्त है। गिरफ्तार आरोपी से चुराया गया ट्रेक्टर को जप्त कर लिया है।

मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया

छबड़ा (निसं)। स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर पर समाज द्वारा शान्ति नाथ भगवान का जन्म तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर मन्दिर में प्रवास कर रही 105 प्रश्म मति माताजी के पावन सानिध्य में शांति विधान का भव्य संगीतमय आयोजन हुआ। सुबह मोक्ष कल्याणक पर भगवान की अभिषेक शांति धारा कर निर्वाण लाडू चढ़ाया।

'कोटा राष्ट्रीय दशहरा मेले में नहीं बढ़ेगा झूलों, दुकानों का किराया'

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय दशहरा मेला 2025 के आयोजन की विधिवत तैयारी 30 मई 2025 को गणेश स्थापना के साथ प्रारंभ हो जाएगी। इस वर्ष मेले में झूलों और दुकानों के किराए को बढ़ाया नहीं जाएगा। यह निर्णय मंगलवार को अध्यक्ष विवेक राजवंशी की अध्यक्षता में हुई मेला समिति की बैठक में लिए गए।

मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दशहरा मेला 2025 को पहले से अधिक भव्य बनाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उपस्थिति सभी सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकमत से लोकसभा अध्यक्ष की भावना को साकार करने का संकल्प लिया।

उन्होंने बताया कि गणेश पूजन एवं स्थापना का कार्यक्रम 30 मई 2025 को श्रीराम रंगमंच पर मुहुर्तानुसार दोपहर 12.24 बजे से होगा। इस वर्ष मेले में देश का सबसे ऊंचा रावण का पुतला बनाने का निर्णय लिया गया है। प्रयास किया जा रहा है कि रावण के पुतले की ऊंचाई 215 फीट रखी जाए। कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों की ऊंचाई भी बढ़ाई जाएगी।

राजवंशी ने बताया कि मेले का आयोजन 22 सितम्बर 2025 से 17 अक्टूबर 2025 तक होगा। मेला उद्घाटन के बाद नवरात्रि के दौरान पहली बार तीन दिवसीय गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए प्रारंभिक तौर पर अम्बेडकर भवन के पीछे की भूमि चिन्हित की गई है। मेला परिसर स्थित लालबाई माताजी का मंदिर भी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए मंदिर समिति सदस्यों ने सहमति दे

कोटा दशहरा मेला की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई है।

दी है। मंदिर शिफ्ट होने के बाद मेले का मार्ग खुला-खुला हो जाएगा।

बैठक में राजस्व और निर्माण अनुभाग के अधिकारियों को टीम बनाकर नई दुकानों के लिए जगह तलाशने के निर्देश दिए गए। मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने कहा कि इस वर्ष मेला पूर्व की भांति किशोरपुरा दरवाजे के पास से प्रारंभ होगा।

किशोरपुरा से सीएडी सर्किल की ओर जाने वाले सड़क को भी मेले का भाग बनाया जाएगा। इसके लिए ट्रेफिक को डायवर्ट किया जाएगा। किशोरपुरा नाले पर भी कैंटी लीवर के माध्यम से नई दुकानों की जगह बनाने के प्रयास किए जाएंगे। दशहरा मैदान फेज 1 और 2 के मध्य सड़क को बैण्ड करते हुए जोड़ा जाएगा। वहां भी मेले का नया मार्केट बनाया जाएगा।

बैठक में मेले में लाईट डेकोरेशन को भी सेना के सम्मान में तिरंगे की थीम पर करवाने का निर्णय लिया गया। नगर निगम भवन पर भी फसाड़ लाईट लगाई जाएंगी। मेला समिति अध्यक्ष राजवंशी ने कहा कि इस वर्ष भी मेले के दौरान ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। प्रयास किया जाएगा कि ड्रोन शो में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेना के शौर्य और पराक्रम को प्रदर्शित किया जा सकें। इसके लिए ड्रोन कम्पनियों से चर्चा के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

राम बारात को और भव्य बनाया जाएगा, इस हेतु जन सहभागिता और बढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया, मेला परिसर में पानी की टंकी का निर्माण करवाया जा रहा है। मेला अवधि तक पूर्ण हो जाएगा, स्थाई दुकानों का आवंटन शीघ्र आरंभ करने का निर्णय लिया गया, मेले से संबंधित समस्त कार्य समयबद्ध रूप से आरम्भ कर शीघ्र पूर्ण किये जाऐंगे, लाईव यू-ट्यूब प्रसारण कर आय बढ़ाने के लिए विज्ञापन दिये जाने का निर्णय लिया गया, गत वर्ष टेंडर में देरी के कारण सामने आई समस्याओं को ध्यान रखते हुए निर्णय लिया गया कि सभी टेंडर 30 जुलाई तक पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। इनमें मेले में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के टेंडर भी शामिल हैं। मेले को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने के लिए इवेंट कम्पनी का टेंडर भी किया जाएगा। इसके अलावा कम राशि के कई छोटे-छोटे टेंडर की जगह एक ही बड़ा टेंडर लगाया जाने का भी निर्णय लिया गया।

आयुक्त भार्गव को मेला अधिकारी का दायित्व:- समिति ने सर्वसम्मति से राष्ट्रीय दशहरा मेला 2025 के सफल आयोजन के लिए मेला अधिकारी का दायित्व नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त अनुराग भार्गव को सौंपा। अधीक्षण अभियंता महेश चन्द गोयल को अतिरिक्त मेला अधिकारी और नगर निगम कोटा उत्तर के उपायुक्त सत्य नारायण राठौर को मेला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

बैठक में यह रहे उपस्थित:- मेला समिति की बैठक में अध्यक्ष विवेक राजवंशी, सदस्य गिरिराज महावर, रेखा यादव, विजय लक्ष्मी, योगेश आहलूवालिया, सोनू धाकड़, राकेश सुमन पुटरा, विवेक मित्तल, ज्ञानेन्द्र आमेरा, योगेन्द्र शर्मा, दक्षिण के आयुक्त अनुराग भार्गव, उत्तर के आयुक्त अशोक कुमार त्यागी, अतिरिक्त आयुक्त जवाहर लाल जैन, मुख्य लेखाधिकारी धीरज कुमार सोनी, उपायुक्त महेश चन्द गोयल, दयावती सैनी, सत्यनारायण राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तरूणकान्त सौमानी, अधिशाषी अभियन्ता ए.क्यू कुरैशी, सचिन यादव, जेएलआर राजीव कुमार गर्ग, एएलआर सपना वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी रिचा गौतम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक एफ-15/कृ०भू०रू०/2025/858 **आपत्ति आमंत्रण सूचना पत्र** दिनांक 13/1/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा कृषि भूमि पर बसी निम्न अनुमोदित कॉलोनी के पट्टे हेतु आवेदन प्राप्त हुऐ है, जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर आपत्ति दर्ज करवा सकता है, मियाद निकलने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी तथा प्रस्तुत